ओमप्रकाश नाजवानी
सम्पादक

RNI No. : RAJHIN/2013/54948
Postal Regd. : RJ/AJ/210/2024-26

विज्ञापन हेतु
सम्पर्क करें।
9269214000
प्रति. बुक करावें

# आगाज की आवाज

प्रतिस्पर्धा से दूर, खबरें भरपूर, आगाज हमारा, आवाज आपकी.....

www.aagajkiaawaj.com

वर्ष 12 | अंक 14 | पाक्षिक | अजमेर, 1 जुलाई 2025 | मूल्य 10 रूपये | कुल पृष्ठ 4

## मन की बात में बोले प्रधानमंत्री मोदी – आपातकाल में न्यायपालिका को गुलाम बनाने की थी कोशिश



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आपातकाल के दौरान न केवल संविधान की हत्या की गई, बल्कि न्यायपालिका को भी गुलाम बनाए रखने की मंशा थी। आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 123वीं कड़ी में उन्होंने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपातकाल बहुत बड़ा संकट था, जिसका सामना देश की जनता ने जनभागीदारी से किया।प्रधानमंत्री ने कहा कि देश पर आपातकाल थोपे जाने के 50 वर्ष कुछ दिन पहले ही पूरे हुए हैं और देशवासियों ने 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में इसे याद किया। उन्होंने कहा कि हमें उन सभी लोगों को याद करना चाहिए जिन्होंने आपातकाल का डटकर मुकाबला किया और इससे यह प्रेरणा मिलती है कि हमें अपने संविधान को सशक्त बनाए रखने के लिए सदैव सजग रहना चाहिए। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम के वक्तव्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल के समय संविधान को कुचला गया और न्यायपालिका को गुलाम बनाए रखने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि उस समय लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया और 'मीसा' के तहत मनमाने ढंग से गिरफ्तारियां की गई।प्रधानमंत्री ने कहा कि जॉर्ज फर्नांडिस को जंजीरों में बांधकर पेश किया गया और छात्रों तक को नहीं बख्शा गया। अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंटा गया। हजारों लोग जेल में डाले गए और उन पर अमानवीय अत्याचार हुए, लेकिन भारत की जनता न तो झुकी और न टूटी। उन्होंने कहा कि अंत में लोकतंत्र की जीत हुई और आपातकाल थोपने वाले हार गए।

## हल्दी निर्यात का 2030 तक एक अरब डॉलर का लक्ष्य, निजामाबाद में हल्दी बोर्ड मुख्यालय का शुभारंभ



हैदराबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की हल्दी के निर्यात का लक्ष्य तय किया है। निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय के उद्घाटन के बाद सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि बोर्ड पैकिंग, ब्रांडिंग, विपणन और हल्दी के निर्यात पर विशेष ध्यान देगा। अमित शाह ने कहा कि हल्दी बोर्ड किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाने, उनके उत्पाद के निर्यात को बढ़ावा देने के साथ-साथ अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में भी कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि भारत सरकार ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की हल्दी निर्यात का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। हल्दी बोर्ड यह सुनिश्चित करेगा कि हल्दी का उच्चतम मूल्य किसानों तक पहुंचे। अमित शाह ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में हल्दी बोर्ड स्थापित करने का वादा किया था और इसके आदेश बाद में जारी किए गए। इससे पहले, हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर अमित शाह के पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी और अन्य नेताओं ने स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी की तेलंगाना इकाई ने रविवार को एक्स पर बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले हल्दी बोर्ड की स्थापना की घोषणा की थी और अब उन्होंने किसानों के इस सपने को साकार कर दिया है। पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हल्दी की फसल की गुणवत्ता सुधार, अनुसंधान और किसानों की आय बढ़ाने के लिए 200 करोड़ रुपये आबंटित किए हैं।

## संविधान की आत्मा से किया गया खिलवाड़: उपराष्ट्रपति धनखड़ ने प्रस्तावना संशोधन को बताया 'नासूर'



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए शब्दों को 'नासूर' बताया है। उपराष्ट्रपति निवास पर डीएस वीरैया की पुस्तक 'अंबेडकर के संदेश' के विमोचन कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इससे संविधान की आत्मा का अपमान हुआ है। धनखड़ ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना अपरिवर्तनीय है और यह उसकी आत्मा और आधार है। लेकिन 1976 में आपातकाल के दौरान 42वें संशोधन से इसमें 'समाजवादी', 'धर्मनिरपेक्ष' और 'अखंडता' जैसे शब्द जोड़े गए, जब देश में लोकतंत्र बंदी था। उन्होंने इसे लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय दौर बताया और कहा कि जब जनता बंधन में थी और मौलिक अधिकार निलंबित थे, तब संविधान की आत्मा से छेड़छाड़ की गई। उन्होंने संविधान पीठों की व्याख्या का हवाला देते हुए कहा कि प्रस्तावना संविधान के आदर्शों और उद्देश्यों का सार है।

## महागठबंधन के साथ चुनाव लड़ने को तैयार AIMIM, ओवैसी बोले- हर सीट पर लड़ने को भी तैयार



नई दिल्ली। बिहार में इस साल के अंत तक प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि उनकी पार्टी ने महागठबंधन के नेताओं से संपर्क किया है, ताकि आगामी चुनाव में एनडीए को सत्ता में लौटने से रोका जा सके। ओवैसी ने बताया कि AIMIM के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने महागठबंधन के कुछ नेताओं से बातचीत की है और बीजेपी के खिलाफ मिलकर चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अब निर्णय महागठबंधन के नेताओं को लेना है कि वे साथ आना चाहते हैं या नहीं। ओवैसी ने स्पष्ट किया कि यदि महागठबंधन तैयार नहीं होता है, तो AIMIM हर सीट से चुनाव लड़ने को भी तैयार है। उन्होंने कहा कि सीटों की संख्या को लेकर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन पार्टी की मंशा स्पष्ट है कि एनडीए को सत्ता से दूर रखना है। उल्लेखनीय है कि सीमांचल क्षेत्र में प्रभाव रखने वाली AIMIM को वर्ष 2022 में उस समय बड़ा झटका लगा था, जब पार्टी के चार विधायक आरजेडी में शामिल हो गए थे। इसके बावजूद ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी सीमांचल के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी उम्मीदवार उतारेगी।

## संविधान पर होसबोले के बयान से गरमाई सियासत, राहुल बोले - नहीं चलने देंगे आरएसएस का एजेंडा



नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी तथा धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा पर विचार करने के आह्वान ने संविधान बदलने के सियासी विवाद को एक बार फिर गरमा दिया है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने आरएसएस नेता के बयान पर तगड़ा हमला बोलते हुए कहा कि संविधान को नष्ट करना आरएसएस का एकमात्र लक्ष्य है जिसने संविधान को कभी स्वीकार नहीं किया है। कांग्रेस के अनुसार, संघ नेता का यह आह्वान बाबा साहेब अंबेडकर के न्यायपूर्ण, समावेशी और लोकतांत्रिक भारत के दृष्टिकोण को नष्ट करने की एक लंबे समय से चली आ रही साजिश का हिस्सा है।राहुल गांधी ने आरएसएस के दूसरे सबसे बड़े नेता होसबोले के बयान पर प्रहार करते हुए एक्स पर पोस्ट में कहा कि आरएसएस का नकाब फिर से उतर गया। संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। आरएसएस-भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। ये बहुजनों और गरीबों से उनके अधिकार छीनकर उन्हें दोबारा गुलाम बनाना चाहते हैं। संविधान जैसा ताकतवर हथियार उनसे छीनना इनका असली एजेंडा है। आरएसएस ये सपना देखना बंद करे। हम उन्हें कभी सफल नहीं होने देंगे। हर देशभक्त भारतीय आखिरी दम तक संविधान की रक्षा करेगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि संविधान नष्ट करने का आरएसएस का एकमात्र लक्ष्य कभी भी बहुत दिनों तक छिपा नहीं रह सकता। आरएसएस का एक वरिष्ठ सदस्य निश्चित रूप से जानता है कि सर्वोच्च न्यायालय ने समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा घोषित किया है। फिर भी यह रुख अपनाना संविधान का स्पष्ट अपमान, इसके मूल्यों की अस्वीकृति और सर्वोच्च न्यायालय पर भी सीधा हमला है। वेणुगोपाल ने कहा कि भारत के लोग इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि आरएसएस देश में जहर फैलाने और विभाजित करने के लिए किस तरह के कुटिल तरीके अपनाता है। हम उन्हें इस मिशन में कभी सफल नहीं होने देंगे। कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आरएसएस ने कभी भी संविधान को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया और 30 नवंबर 1949 से ही उसने अंबेडकर, नेहरू और संविधान निर्माण से जुड़े अन्य लोगों पर हमले किए। आरएसएस और बीजेपी ने बार-बार नए संविधान की मांग उठाई है और 2024 लोकसभा चुनाव में यही प्रधानमंत्री मोदी का चुनावी नारा था। लेकिन देश की जनता ने इस नारे को निर्णायक रूप से खारिज कर दिया फिर भी संविधान की मूल ढांचे को बदलने की मांग लगातार आरएसएस इकोसिस्टम द्वारा की जाती रही है। वामपंथी दल माकपा की सर्वोच्च राजनीतिक इकाई पोलित ब्यूरो ने होसबोले के बयान की निंदा करते हुए कहा कि संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्दों को शामिल करना मनमाना नहीं था और ये शब्द उन मूल मूल्यों को दर्शाते हैं जिनके लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति दी। साथ ही आरोप लगाया कि आरएसएस नेता का यह आह्वान संविधान को नष्ट करने के आरएसएस के लंबे समय से चले आ रहे हिंदुत्व प्रोजेक्ट के तहत भारत को हिंदू राष्ट्र में बदलने की उसकी मंशा को उजागर करता है।

सम्पादकीय

# राजनाथ सिंह का साहसिक रुख: आतंकवाद पर समझौता नहीं



शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का साझा बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार करना एक बेहद ठोस और साहसिक कदम है। यह सिर्फ कूटनीतिक असहमति नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत के सख्त और स्पष्ट रुख का प्रतीक है। यह फैसला उस समय लिया गया जब सम्मेलन में पाकिस्तान और चीन की ओर से तैयार साझा दस्तावेज में भारत की आतंकवाद से जुड़ी प्रमुख चिंताओं की उपेक्षा की गई। विशेषकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए नरसंहार की अनदेखी, जिसमें आतंकियों ने पर्यटकों की धार्मिक पहचान पूछकर 26 मासूम लोगों की बेरहमी से हत्या की, उस साझा बयान की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करती है।राजनाथ सिंह ने यह दिखा दिया कि भारत अब ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चुपचाप हस्ताक्षरकर्ता नहीं रहेगा, जहां उसके असली सरोकारों को जगह नहीं मिलती। 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए भारत ने न केवल आतंकियों को जवाब दिया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि वह अपने नागरिकों की सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं करेगा। ऐसे समय में जब पाकिस्तान बार-बार भारत पर झूठे आरोप लगाकर बलूचिस्तान में अपने आंतरिक विद्रोह को आतंकवाद बताने की कोशिश करता है, और चीन उसके समर्थन में खड़ा रहता है, तब भारत का यह रुख अंतरराष्ट्रीय पटल पर एक मजबूत संदेश देता है। चीन और पाकिस्तान की आतंकवाद पर दोहरी नीति अब किसी से छुपी नहीं है। चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी पाक समर्थित आतंकियों को बचाने की कोशिश करता रहा है, और अब एससीओ में भी वही दोहराव देखने को मिला। एससीओ का मकसद आतंकवाद के खिलाफ साझा रणनीति बनाना है, लेकिन यदि यह मंच भी राजनीतिक पक्षधरता और दोगले मानदंडों का अड्डा बन जाए, तो इसकी विश्वसनीयता ही खतरे में पड़ जाएगी।भारत का यह संदेश बिल्कुल स्पष्ट है - 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के साथ हम वैश्विक सहयोग और शांति के हिमायती हैं, लेकिन आतंकवाद के प्रति 'शून्य सहिष्णुता' की नीति हमारी अनिवार्य प्राथमिकता है। चाहे वह सीमापार आतंकवाद हो, आतंकी संगठनों का वित्तपोषण हो या फिर आतंकियों को संरक्षण देने वाली नीतियां, भारत अब हर मोर्चे पर जवाब देने के लिए तैयार है। राजनाथ सिंह का यह निर्णय केवल एक साझा बयान से इनकार नहीं था, बल्कि यह भारत की आत्मसम्मान और सुरक्षा नीति की दृढ़ घोषणा थी - अब हम सिर्फ बोलेंगे नहीं, बल्कि ठोस कदम भी उठाएंगे।

# किशनगढ़ में ऐतिहासिक तिरंगा कार रैली का आयोजन, लायंस क्लब क्लासिक को मिली सबसे बड़ी ट्रॉफी





किशनगढ़। लायंस क्लब किशनगढ़ क्लासिक के आतिथ्य में लायंस क्लब इंटरनेशनल प्रांत 3233E 2 की केबिनेट मीटिंग और अवार्ड सेरेमनी का दो दिवसीय आयोजन महेश विहार में समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। आयोजन में डीडवाना, कुचामन, मकराना, परबतसर, अजमेर, ब्यावर, उदयपुर, जोधपुर, फलोदी, जालौर, जैसलमेर, पाली, आबू रोड, विजयनगर, भीलवाड़ा, चित्तौड़, नीमच, मंदसौर, भवानी मंडी, निंबाहेड़ा, शिवगंज सुमेरपुर, रानी, पिंडवाड़ा सहित 142 क्लबों के पदाधिकारी शामिल हुए। पहले दिन प्रांत की चतुर्थ केबिनेट मीटिंग का आयोजन हुआ। सभा की शुरुआत प्रांतपाल श्यामसुंदर मंत्री ने की। राष्ट्रगान और ध्वज वंदना के बाद विश्व शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। केबिनेट सचिव सुभाष रांवका ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर सेनी ने आय-व्यय विवरण रखा। इस अवसर पर श्यामसुंदर मंत्री, उप प्रांतपाल रामकिशोर गर्ग, निशांत जैन, पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक डॉ वी के लडिया, केबिनेट सलाहकार अरविंद शर्मा और जेठमल गहलोत ने भी सभा को संबोधित किया। इसी दौरान ऑपरेशन सिंदूर में शौर्य प्रदर्शन करने वाले सैनिकों के सम्मान में आर के कम्युनिटी से महेश विहार तक तिरंगा कार रैली निकाली गई। करीब 100 वाहनों की इस रैली में एक ओर राष्ट्रीय ध्वज और दूसरी ओर लायंस क्लब का झंडा लगा था, जिससे आयोजन देशभक्ति के रंग में रंग गया। रैली का भारत विकास परिषद, मा भारती रक्षा मंच, किशनगढ़ सोशल सेवा संस्थान, हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज, अग्रवाल समाज, माहेश्वरी समाज, राजस्थान ब्राह्मण महासभा सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा स्वागत किया गया। दूसरे दिन आयोजित अवार्ड सेरेमनी में प्रांत के लगभग 320 लायन सदस्यों को सेवा कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही, मेजबान क्लब को प्रांतपाल द्वारा एक विशेष बड़ी ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया गया। आयोजन प्रभारी अमित अग्रवाल ने बताया कि यह रैली किशनगढ़ के इतिहास की सबसे अनुशासित और बड़ी तिरंगा कार रैली रही, जिसमें प्रशासन सहित सभी लोगों का सहयोग मिला। उन्होंने प्रशासन, समाजजनों, लायंस सदस्यों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में सचिव रमाकांत काबरा के साथ रोहित मेहता, नरेंद्र मेहता, महेंद्र नाहर, पदम जैन, मनोज गोधा, मुकेश जैन, संजय गोयल, संजय नागर, अविनाश पाटनी, राजीव गंगवाल, अजय जैन, मंजुल गर्ग, अजय गंगवाल, चंद्रकांत अजमेरा, दिनेश गोधा, पंकज गोयल, पीयूष पाराशर, राजीव लोढ़ा, राकेश ओसवाल, राजेश पाटनी, संजय गुप्ता, सुशील बंसल, विनोद पाटनी सहित अनेक लायन सदस्य उपस्थित रहे।

# संविधान की सर्वोच्चता पर 'द लीगल वे' लॉ चैंबर की विधिक संगोष्ठी संपन्न

**मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान, पूर्व न्यायाधीश पीसी शर्मा रहे मुख्य वक्ता**




किशनगढ़। 'द लीगल वे' लॉ चैंबर के तत्वावधान में शनिवार को संविधान की सर्वोच्चता विषय पर विधिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला न्यायाधीश प्रेमचंद शर्मा (पीसी शर्मा) मुख्य वक्ता रहे। संगोष्ठी में किशनगढ़ के अधिवक्ताओं ने संविधान की गरिमा व उसकी सर्वोच्चता पर चर्चा की तथा अपने विचार व्यक्त कर संवैधानिक मूल्यों के प्रति आस्था प्रकट की। कार्यक्रम में हाल ही में परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं रिधान शर्मा, चेष्ठा शर्मा, त्रिशा बोहरा, नव्या पंचोली, जया भेवाल, मनीषा शर्मा का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। साथ ही उन्हें डायरी एवं पुरस्कार भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर बार एसोसिएशन किशनगढ़ के अध्यक्ष रूपेश शर्मा का भी स्वागत किया गया। संगोष्ठी में हनुमान प्रसाद शर्मा, हुकमीचंद शर्मा, राकेश शर्मा (पूर्व पार्षद), अनूप शर्मा, हेमंत शर्मा, श्याम मनोहर पुरोहित, रमेश धाभाई, गजेंद्र व्यास (जयपुर), राकेश शर्मा, सर्वेश्वर शर्मा, गर्वित खंडेलवाल, कमल व्यास (जयपुर), विक्रम पुरोहित, धनराज शर्मा, जय प्रकाश शर्मा, राधेश्याम मालाकार, मुकेश शर्मा, अब्दुल मजीद, अनुराग शर्मा, मुकेश बोहरा, योगेश जैन, अखिलेश शर्मा, विमल किशोर कुमावत, अभिषेक राजपुरोहित, अजय चौहान, विनोद भेवल, मदन बोहरा, राजेश शर्मा, पियूष धाभाई, रेशु सहित कई गणमान्य अधिवक्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। अंत में प्रेम दत्त शर्मा ने सभी अतिथियों व सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

# अराई दौरे पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने शोकाकुल परिवारों से की मुलाकात, ग्रामीणों की समस्याएं सुनी



किशनगढ़/अराई। शनिवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी अराई दौरे पर रहे। उन्होंने अराई क्षेत्र के मोतीपुरा, भामोलाव, डांग, काला तालाब, दादिया, बालापुरा सहित अनेक गांवों का दौरा कर वहां विभिन्न परिवारों में हाल ही में दिवंगत हुए परिजनों के घर पहुंचकर मुलाकात की, उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगतों को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं स्थानीय सांसद भागीरथ चौधरी के अराई पहुंचने पर ग्रामीणों ने उन्हें अपनी जनसमस्याओं से अवगत कराया। भागीरथ चौधरी ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए आमजन को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस दौरान अराई मंडल अध्यक्ष शिवरतन सिंह राठौड़, मंडल महामंत्री जतन चौधरी, सांवरलाल चौधरी डांग सहित अनेक कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जरूरतमंदों को मिला निःशुल्क इलाज, सिंधु सेवा समिति किशनगढ़ ने आयोजित किया 286वां नेत्र व ENT शिविर





किशनगढ़। नर सेवा नारायण सेवा को अपना ध्येय मानते हुए भगवान झूलेलाल, संत हिरदाराम पुष्कर राज के आशीर्वाद से व संत सिद्ध भाऊ के आशीर्वाद, प्रेरणा व मार्गदर्शन में सिंधु सेवा समिति किशनगढ़ के निर्देशन में सहाय हॉस्पिटल जयपुर के तत्वावधान में, सिद्धम ईएनटी के सहयोग से 286वां विशाल निःशुल्क नेत्र, मेडिकल व ENT शिविर का आयोजन अग्रसेन भवन में किया गया। शिविर का विधिवत शुभारंभ ललित महाराज के निर्देशन में धर्मी देवी फतनानी, प्रतिष्ठित व्यवसायी ललित हासानी, पुराना शहर संरक्षक जयराम दास चतवानी व भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी यतेंद्र शास्त्री द्वारा किया गया। शिविर में 635 लोगों की जांच की गई। इस शिविर के महासचिव राजकुमार केसवानी एवं सिंधु सेवा समिति के फाउंडर मेंबर पीशु भाई मुलानी ने बताया कि शिविर में 26 मरीजों को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सहाय व उनकी सहयोगी टीम द्वारा 430 लोगों की निःशुल्क आंखों की जांच की गई तथा दवाइयां दी गईं। 340 लोगों को नज़र के चश्मे निःशुल्क वितरित किए गए। कानों से कम सुनने वाले 18 मरीजों को कान की मशीनें निःशुल्क दी गईं। नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. ऋषभ जैन द्वारा 235 मरीजों की निःशुल्क ENT जांच कर दवाइयां दी गईं। हेल्थ केयर विशेषज्ञ डॉ. सरिता मीना व रुक्मिणी अमरवानी ने 130 लोगों को निःशुल्क सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में सेवाकर्ता कशिश बोदवानी ने बताया कि इस शिविर में सिंधु सेवा समिति व समाज के गणमान्य लोग विष्णु मेघानी, गिरधारी अमरवानी, डॉ. मोहन दास मेघानी, गिन्नी भाई रामनानी, विजय गुरनानी, राम भाई नानवानी, अशोक शोभानी, करण मेघानी, मुकेश मेघानी, मनोज किशनानी, पंकज अमरवानी, नगर उप सभापति मनोहर तारानी, सिन्धी समाज पुराना शहर संरक्षक महेश साधवानी, पियुष मेघानी, समाजसेवी लाल भाई विधानी, मुरली भाई जसवानी, सिंधु नवयुवक संघ से अशोक फतनानी, विनोद तुलसानी, जीतेन्द्र कोरानी, नरेश मंगलानी, हेमंत चंदी रामानी, लक्ष्मण मूलचंदानी आदि उपस्थित रहे।झूलेलाल महिला मंडल संगीत समिति से तनु मेघानी, कोमल मेघानी सहित सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। जिन 26 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया, उन्हें सिंधु सेवा समिति द्वारा जयपुर ले जाया जाएगा, जहां डॉ. सहाय व उनकी सहयोगी टीम द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। मरीजों का रहना, खाना, पीना सभी निःशुल्क रहेगा। समिति किशनगढ़ द्वारा बाहर से पधारे डॉक्टरों व पदाधिकारियों, राजकुमार केसवानी सहित सभी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जयपुर से पधारी संस्था द्वारा समिति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सिंधु सेवा समिति के गिरधारी अमरवानी, पीशु भाई मुलानी व विष्णु मेघानी ने स्वयंसेवकों व अतिथियों का धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

# आगरा में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र का क्षेत्रीय केंद्र, किसानों को मिलेगा लाभ



किशनगढ़। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के आगरा में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (सीएसएआरसी) की स्थापना के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके तहत 111.5 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। भारत में आलू क्षेत्र में उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, परिवहन, विपणन और मूल्य श्रृंखला आदि में महत्त्वपूर्ण रोजगार अवसर सृजित करने की क्षमता है। इसी के दृष्टिगत इन संभावनाओं के दोहन और विकास हेतु अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र का दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र सिंगना, आगरा में स्थापित किया जा रहा है। सीएसएआरसी द्वारा विकसित आलू और शकरकंद की उच्च उपज वाली, पोषक तत्वों से भरपूर और जलवायु अनुकूल किस्में न केवल भारत में बल्कि पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र में सतत विकास को गति प्रदान करेंगी। इसका उद्देश्य उत्पादकता, कटाई के बाद प्रबंधन और मूल्य संवर्धन में सुधार करके खाद्य व पोषण सुरक्षा, विज्ञान और नवाचार को बढ़ावा देना, किसानों की आय बढ़ाना और रोजगार सृजन करना है। इससे आलू की पैदावार से जुड़े




किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि यह निर्णय विश्व-स्तरीय विज्ञान और नवाचार को बढ़ावा देने, किसानों की आय में वृद्धि और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के निर्णयों से किसानों का जीवन बहुत आसान हुआ है और सरकार देशभर के अन्नदाताओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रिमंडल और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान का हार्दिक आभार और धन्यवाद प्रकट किया गया।

# अपराधियों में भय, आमजन में विश्वास बनाए पुलिस – देवनानी



अजमेर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि पुलिस बेहतर पुलिसिंग, अपराधियों में भय, आमजन में विश्वास और शहर की सुरक्षा के लिए सजग होकर काम करे। थाने और चौकी में अपने परिवार के साथ आने वाले आमजन को यह महसूस होना चाहिए कि पुलिस उनकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है। वासुदेव देवनानी ने रविवार को उसरी गेट पुलिस चौकी में 20 लाख रुपये की लागत से हुए जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि पुलिस को अपने ध्येय 'अपराधियों में भय व आमजन में विश्वास' के साथ कार्य करना चाहिए। अजमेर पुलिस अच्छा काम कर रही है, लेकिन सजगता और बढ़ाई जानी चाहिए। शहर की सुरक्षा के लिए गश्त और नफरी बढ़ाई जाए। थाने में आने वाले व्यक्ति को यह लगना चाहिए कि पुलिस उनकी सहायता के लिए है। उन्होंने बताया कि अजमेर उत्तर क्षेत्र में सुरक्षा के लिए हरिभाऊ उपाध्याय नगर में नया थाना स्थापित किया गया है। साथ ही तारागढ़ पहाड़ी क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम के लिए जवानों की तैनाती की गई है, जिसे भविष्य में और बढ़ाया जाएगा ताकि सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हो। देवनानी ने पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा को निर्देश दिए कि शहर में पुलिस नाकों, आवक मार्गों और आंतरिक क्षेत्रों में निगरानी के लिए गश्त बढ़ाई जाए और यातायात व्यवस्था में सुधार किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, पार्षद भारती श्रीवास्त्व सहित आमजन व जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जनकल्याण शिविरों के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाने की मंशा : रावत

**भूडोल और गोड़ियावास में जनसेवा शिविरों का जल संसाधन मंत्री ने किया निरीक्षण, योजनाओं के लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र**





पुष्कर। जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत ने शनिवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भूडोल व गोड़ियावास में आयोजित जनकल्याणकारी शिविरों का निरीक्षण किया। मंत्री रावत ने शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर औपचारिकता नहीं, समाधान का माध्यम हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्राथमिकता सेवा, सुशासन और संवेदनशीलता है, जिसे इन शिविरों के जरिए धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर विभाग यह सुनिश्चित करे कि कोई भी नागरिक बिना समाधान के वापस न लौटे। शिविर में आमजन से संवाद कर मंत्री रावत ने मौके पर ही कई समस्याओं का निस्तारण करवाया। 15 विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं में राजस्व, पंचायतीराज, सामाजिक न्याय, चिकित्सा, कृषि, विद्युत, जलदाय, श्रम, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास प्रमुख रहे। शिविर में पात्रजन को पट्टे, पेंशन स्वीकृति पत्र, बीज मिनी किट, प्रोपर्टी कार्ड आदि वितरित किए गए।शिविर स्थल पर ग्रामीणों ने ढोल-ढमाके के साथ मंत्री रावत की अगवानी की और भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने भूडोल और गोड़ियावास में अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान हुए विकास कार्यों का भी विवरण दिया।

**भूडोल पंचायत में हुए प्रमुख कार्य:**

भूडोल में अब तक कुल 1921.94 लाख के विकास कार्य स्वीकृत कराए गए। इनमें नवीन 33 के.वी. जीएसएस, नवीन पशु चिकित्सा उपकेन्द्र, सहकारिता समिति गोदाम का जीर्णोद्धार, पशु चिकित्सालय का क्रमोन्नयन, बीसलपुर पेयजल योजना, विभिन्न सड़कों का निर्माण, गौरव पथ, सीसी सड़कों व नालियों का निर्माण, स्कूलों में कक्षा कक्ष, लाइब्रेरी कक्ष, हैंडपंप, बस स्टैंड पर बरामदा, देवस्थान व मोहल्लों में सार्वजनिक सुविधाएं, खेल उपकरण वितरण, बायो टॉयलेट, हाईमास्क लाइट, कोविड राहत सामग्री वितरण आदि प्रमुख हैं।

**गोड़ियावास पंचायत में हुए प्रमुख कार्य:**

गोड़ियावास में 911.23 लाख के विकास कार्य स्वीकृत हुए। इनमें नवीन पशु चिकित्सा उपकेन्द्र, कृषि कार्यालय, आंगनबाड़ी व विद्यालय तक सीसी सड़कें, ट्यूबवेल, डामरीकरण, गौरव पथ, राउमावि में कक्षा कक्ष व जीसी सैकेंडरी स्कूल में लाइब्रेरी, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर व कला कक्ष का निर्माण, स्वास्थ्य केन्द्र में सुविधा विस्तार, सार्वजनिक बरामदे, हैंडपंप, दिव्यांगजन को ट्राई स्कूटी, हाईमास्क लाइट, कोविड राहत सामग्री वितरण शामिल हैं।

**उपस्थित गणमान्यजन:**

इस अवसर पर अजमेर देहात भाजपा जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत, श्रवण सिंह रावत, अर्जुन सिंह रावत, अर्जुन नलियां, ज्ञान सिंह रावत, अजय सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत, नरेंद्र चुंडावत, धनराज जाट, पवन, प्यारेलाल मेघवंशी, केसर सिंह, दिनेश सिंह, किशन सिंह, जयसिंह सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विभागीय अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# श्री गोपाल गौशाला समिति का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक सम्पन्न



किशनगढ़। राइका की ढाणी स्थित श्री गोपाल गौशाला का स्थापना दिवस निम्बार्क पीठ काचरिया पीठाधीश्वर डॉक्टर जयकृष्ण देवाचार्य के सानिध्य में समारोहपूर्वक मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड़ एवं विशिष्ट अतिथि सर्वेश्वर राठी, नवल मूदड़ा (गोविंद स्टोनेक्स) ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गोपाल गौशाला के अध्यक्ष नेमीचंद जोशी के साथ समिति के कोषाध्यक्ष प्रकाश राठी, उपाध्यक्ष परमेन्दर जोशी पार्षद, उपाध्यक्ष महेन्द्र यादव पार्षद, भागचंद कुमावत पार्षद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवाराम तेडवा (प्रदेश अध्यक्ष देवसेना), चक्रवर्ती सेन, उपाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद मालाकार (गौशाला संचालक), सह सचिव राकेश कुमावत, योगेश शर्मा, हरगोविंद रायका, अंकित जोशी सहित सभी गौ भक्तों ने गौ पूजन कर गौ माता को लापसी, गुड़ तथा हरा चारा खिलाया। राष्ट्रीय नक्षत्र वन में आयोजित समारोह में जयकृष्ण देवाचार्य ने कहा कि गौ सेवा ही सर्वश्रेष्ठ धर्म है। गौ सेवा से पितरों का उद्धार होता है। गौ माता चलता फिरता तीर्थ है। पंचगव्य एवं पंचामृत अनेक असाध्य रोगों की रामबाण औषधि हैं। शास्त्रों में वर्णित षोडश संस्कार गाय के द्वारा ही संपन्न होते है। उन्होंने कहा कि जिस घर, परिवार और राष्ट्र में गौ सेवा होती है, वहां खुशहाली रहती है तथा समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। गौ माता के पावन अंगों में समस्त देवों का निवास है। मुख्य अतिथि दिनेश सिंह राठौड़ ने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति में गौ वंदन, गंगा वंदन एवं प्रकृति पूजन का विशेष महत्व बताया गया है। उन्होंने कहा कि गौ माता में 36 कोटि देवी-देवताओं का निवास है। गौ सेवा से ही राजा दिलीप को पुत्र की प्राप्ति हुई। गौ माता समस्त कामनाओं की पूर्ति करने वाली हैं। संस्था अध्यक्ष नेमीचंद जोशी ने गोपाल गौशाला की स्थापना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य अपाहिज गोवंश की उपचार द्वारा सेवा है। यह गौशाला आमजन के आर्थिक सहयोग से संचालित होती है। उन्होंने बताया कि खुले वातावरण, हरियाली व पहाड़ी क्षेत्र के कारण गोवंश को ताजा चारा व स्वस्थ वातावरण मिलता है। विशिष्ट अतिथि सर्वेश्वर राठी ने भी गौ माता की सेवा के लिए हरसंभव सहयोग देने की बात कही। गोशाला समिति में सचिव के रूप में सर्वेश्वर राठी एवं सह सचिव के रूप में नवल मूदड़ा को नियुक्त किया गया।अंत में कोषाध्यक्ष प्रकाश राठी ने उपस्थित सभी गौ सेवकों व अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए गौशाला के लिए हर प्रकार के सहयोग की अपील की। इस अवसर पर शंकर यादव, दीपक बिरला, गोविंद पाटोदिया, शरद माथुर, रजत बेनीवाल सहित सैकड़ों गौभक्त उपस्थित रहे। डॉक्टर बनवारी लाल शर्मा, चक्रवर्ती सेन, सर्वेश्वर राठी, सीताराम बागड़ी, कृपाराम मूंदड़ा, देवाराम तेडवा आदि ने गौ सेवा हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक शर्मा ने किया।

# जीतो राष्ट्रीय मैट्रिमोनी मीट पोस्टर का हुआ विमोचन



किशनगढ़। जीतो किशनगढ़ चैप्टर की बैठक एक निजी रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में आगामी राष्ट्रीय मैट्रिमोनी मीट को लेकर चर्चा की गई, प्रश्नोत्तर सत्र हुआ एवं पोस्टर का विमोचन किया गया। बैठक में जीतो राजस्थान स्टेट मैट्रिमोनी कन्वेनर राजकुमार बाफना ने बताया कि 27 जुलाई को जयपुर के मैरियट होटल में मैट्रिमोनी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि यह मंच बायोडेटा की गोपनीयता सुनिश्चित करता है और पारंपरिक परिचय सम्मेलन से अलग है। यह कार्यक्रम उच्च योग्यता वाले व्यक्तियों के लिए बनाया गया है एवं इसमें 200 सदस्यों के बाद पंजीयन बंद कर दिया जाएगा, इसलिए शीघ्रता से पंजीकरण करना आवश्यक है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर समकित पहाड़िया, धर्मेंद्र सांड, अविनाश पाटनी, विनोद मेहता, सुरेंद्र सिंह महनोत, दीपक रारा, अभिषेक जैन, संजय पांड्या, राजीव गंगवाल, मनोज बैद, कैलाश चंद पीपाड़ा, सुभाष कुमार बरडिया, माला आर भंडारी, इंदर चंद पाटनी, प्रियंका जैन, शम्मी कोठारी, संजय जैन आदि उपस्थित रहे।

# मंत्री सुरेश सिंह रावत ने किया तबीजी पशु आहार संयंत्र का निरीक्षण, पौधारोपण कर दिया हरित संदेश



अजमेर। राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर क्षेत्र के विधायक सुरेश सिंह रावत ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तबीजी, अजमेर में स्थित पशु आहार संयंत्र का दौरा किया। उन्होंने संयंत्र परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा संयंत्र के कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सुरेश सिंह रावत ने संयंत्र से तैयार हो रहे पशु आहार की गुणवत्ता और समयबद्ध आपूर्ति के संबंध में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों और पशुपालकों को गुणवत्तायुक्त पशु आहार उनकी आवश्यकतानुसार समय पर मिले, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संयंत्र प्रबंधन से उत्पादन प्रक्रिया, कच्चे माल की उपलब्धता, वितरण नेटवर्क तथा किसानों को मिलने वाली सहायता योजनाओं की जानकारी ली और मौके पर ही आवश्यक सुधारों हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।सुरेश सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, किसान और पशुपालक के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पशु आहार संयंत्र जैसे संस्थान ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इनकी सक्रियता से ही दुग्ध उत्पादन और पशुधन की गुणवत्ता में सुधार संभव है।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और सभी आगंतुकों द्वारा वृक्षारोपण कर हरियाली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाने के साथ हुआ। कैटल फीड की प्रबंधक नीधिका जोशी ने सुरेश सिंह रावत को संस्थान की समस्त जानकारी उपलब्ध कराई।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, भोलाराम गुर्जर, अरविंद शर्मा, सरपंच राजेंद्र गैना, हरिकिशन जाट, जगदीश सिंह रावत, राजेश परोड़ा, रामसरूप चौधरी सहित अधिकारी एवं किसान बंधुजन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर जिले में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम



अजमेर। 19वां राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस होटल विवान पिनेकल, अजमेर में आयोजना एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राजकीय कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया। भारतीय सांख्यिकीविद् प्रो. पी.सी. महालनोबिस की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में अजमेर जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सांख्यिकी सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की थीम नेशनल सेम्पल सर्वे के 75 वर्ष पूरे होने पर आधारित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता रूद्रा रेणू, मुख्य आयोजना अधिकारी ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सुरेश सिंधी, नरेगा लोकपाल तथा मुख्य अतिथि अनूप आत्रेय, सहायक आचार्य, एस.पी.सी. राजकीय महाविद्यालय रहे। संयोजक फूल सिंह, संयुक्त निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग रहे। कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय समारोह तथा इस अवसर पर मुख्यमंत्री राजस्थान के उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया गया। अनूप आत्रेय ने कार्यक्रम की थीम नेशनल सेम्पल सर्वे के 75 वर्ष पर व्याख्यान देते हुए नीति निर्माण में एनएसएस के आंकड़ों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। जिले के आधारभूत डाटा का समावेश कर गुलशन मनवानी, सांख्यिकी निरीक्षक द्वारा तैयार जिला फोल्डर 2025 का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। यज्ञेश मिश्रा, सहायक सांख्यिकी अधिकारी द्वारा राज्य स्तर की फ्लेगशिप योजना पंच गौरव पर जानकारी दी गई। शिल्पा चरड़, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी सिलोरा द्वारा प्रो. महालनोबिस के जीवन, शिक्षा, आर्थिक क्षेत्र में योगदान एवं पुरस्कारों की जानकारी दी गई। दिव्या गुर्जर, सांख्यिकी निरीक्षक द्वारा संस्था आधार तथा नीलम ठाकुर, सहायक सांख्यिकी अधिकारी द्वारा नेशनल डिफेन्स पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। रेखा मीणा, सांख्यिकी निरीक्षक द्वारा एनएसएस पर तथा सोनम गढ़वाल द्वारा सांख्यिकी में आईटी की भूमिका पर व्याख्यान दिया गया। सांख्यिकी विभाग में नव नियुक्त संगणकों एवं सांख्यिकी अधिकारियों का स्वागत किया गया। फूलसिंह, संयुक्त निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ने अपने उद्बोधन में सभी कार्मिकों को राजकीय कार्यों को कर्तव्यनिष्ठा एवं सांख्यिकी विश्लेषणों के साथ पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया। सुरेश सिंधी द्वारा सांख्यिकी की उपयोगिता तथा रूद्रा रेणू, मुख्य आयोजना अधिकारी द्वारा राज्य सरकार की गुरू गोवलकर पिछड़े ब्लॉक योजना पर प्रकाश डालते हुए भिनाय ब्लॉक द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन शैलचन्द्र व्यास, सांख्यिकी अधिकारी द्वारा किया गया तथा चिकित्सा विभाग में नवाचारों के संबंध में जानकारी दी गई। अंत में लोकेश शास्त्री, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

# तेजाजी धाम सुरसुरा में बनेगा भव्य पैनोरमा, केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने किया स्थल निरीक्षण



किशनगढ़। वीर तेजाजी महाराज के बलिदान स्थल सुरसुरा में जल्द ही भव्य पैनोरमा का निर्माण होने जा रहा है। हाल ही में राजस्थान सरकार के बजट 2025-26 में वीर तेजाजी पैनोरमा निर्माण को स्वीकृति मिली थी। यह स्वीकृति केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी के अथक प्रयासों से संभव हुई। भागीरथ चौधरी ने ग्रामीणजनों और श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए राजस्थान सरकार को पत्र लिखकर बजट सत्र में इसकी घोषणा की मांग की थी, जिस पर सरकार ने अविलंब स्वीकृति प्रदान की। पैनोरमा स्वीकृति के पश्चात शनिवार को भागीरथ चौधरी सुरसुरा पहुंचे। उन्होंने पैनोरमा स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से आवश्यक चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि जल्द ही इस स्थल पर भव्य पैनोरमा का निर्माण होगा। यह न केवल वीर तेजाजी धाम सुरसुरा को नई पहचान और स्वरूप देगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को तेजाजी के त्याग और बलिदान से भी परिचित कराएगा। इसके निर्माण से आमजन और श्रद्धालुओं की आस्था और भी प्रबल होगी।भागीरथ चौधरी ने कहा कि यह पैनोरमा वीर तेजाजी के शौर्य, बलिदान और लोक आस्था को संजोकर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार आस्था स्थलों के संरक्षण और विकास को लेकर निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वीर तेजाजी महाराज किसान वर्ग सहित आमजन के आराध्य लोक देवता हैं, जिन्होंने लाछा गूजरी की गायों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनके बलिदान स्थल सुरसुरा में ऐतिहासिक और भव्य पैनोरमा के शीघ्र निर्माण के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।

# राजस्थान-गुजरात जल मंत्रियों की सौहार्द्रपूर्ण भेंट, जल सहयोग और जनकल्याण पर हुआ संवाद



जयपुर। राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने अपने निवास पर गुजरात सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री एवं जनप्रिय नेता कुंवरजी भाई बावलिया का आत्मीय स्वागत किया। यह मुलाकात जल संसाधनों के संरक्षण, प्रबंधन और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर दोनों राज्यों के बीच सहयोग एवं संवाद के नए द्वार खोलने वाली रही।कुंवरजी भाई बावलिया वर्तमान में गुजरात सरकार में जल आपूर्ति, जल संसाधन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों का कुशल नेतृत्व कर रहे हैं। वे गुजरात की राजनीति में सेवा, सादगी और समर्पण के प्रतीक माने जाते हैं तथा समाजसेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व हैं। इस सौहार्द्रपूर्ण भेंटवार्ता के दौरान दोनों राज्यों में जल संसाधनों के संरक्षण, प्रबंधन और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ। साथ ही आपसी सहयोग और अनुभव साझा करने पर भी सकारात्मक चर्चा हुई, जो आने वाले समय में राजस्थान और गुजरात के जल क्षेत्र में नीतिगत समन्वय एवं नवाचार को प्रोत्साहन देगी।मंत्री सुरेश सिंह रावत ने इस अवसर को अत्यंत आत्मीय, सौम्य और सरल स्वभाव के कुंवरजी भाई बावलिया से प्रेरणा लेने वाला बताते हुए इसे एक "अविस्मरणीय अनुभव एवं मार्गदर्शक क्षण" बताया। इस महत्वपूर्ण मुलाकात ने ना केवल आपसी संबंधों को सशक्त किया, बल्कि दोनों राज्यों के हित में साझा विकास की भावना को भी और मजबूती दी।

# केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने किशनगढ़ में किए विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास






किशनगढ़। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने शुक्रवार को नगर परिषद किशनगढ़ क्षेत्र में अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास एवं शुभारंभ किया। शांति नगर व हाउसिंग बोर्ड में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्मित आयुष्मान आरोग्य केंद्रों का शुभारंभ किया गया। साथ ही 25 लाख की लागत से बने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम श्री नारायण दास आश्रम, सरवाड़ी गेट पर हुआ, जहां सांसद मद से स्वीकृत 13.07 लाख की लागत से निर्मित सत्संग भवन मंदिर का लोकार्पण किया गया।वार्ड संख्या 47 के विभिन्न स्थानों पर सीसी सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। नायक बस्ती, पंचमुखी बालाजी पोस्ट ऑफिस की गली सहित अन्य चिन्हित स्थानों पर बनी सीसी सड़कों एवं नाली निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया गया।लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भागीरथ चौधरी रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी एवं राज्य में भजनलाल सरकार के नेतृत्व में सभी क्षेत्रों में निरंतर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सांसद मद से निर्मित सत्संग भवन से भक्तों को लाभ मिलेगा। आयुष्मान आरोग्य मंदिर व केंद्रों से क्षेत्रवासियों को चिकित्सा सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। नगर परिषद द्वारा स्वीकृत सड़क व नाली कार्यों से आमजन को आवागमन में सुविधा होगी। कार्यक्रम में भागीरथ चौधरी का स्वागत मंच पर 51 किलो की माला से किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड़, उपसभापति मनोहर तारानी, संघ से गुणवंत कोठारी, वार्ड 47 पार्षद शंकर शर्मा, स्व. सुरेश रारी के पुत्र आशीष रारी, पार्षद रामेश्वरी देवी, बिना रावत, किशनगढ़ मंडल अध्यक्ष अमित अग्रवाल, मदनगंज मंडल अध्यक्ष राखी शर्मा, सिलोरा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण पहलवान, सहकारी भूमि विकास बैंक चेयरमैन चेतन चौधरी, सीताराम बंसल सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शहरवासी उपस्थित रहे।

स्वामित्व, प्रकाशक ओमप्रकाश नाजवानी के लिए मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419/30 ब्रह्मपुरी, चर्च के पास, जयपुर रोड, अजमेर (राज.) से मुद्रित कर आगाज की आवाज (पाक्षिक)
कार्यालयः 1-जे-16 न्यू हाऊसिंग बोर्ड, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। - सम्पादक ओमप्रकाश नाजवानी